बीआरएपी 2022 में यूपी को मिला टॉप अचीवर का दर्जा

● उत्तर प्रदेश ने ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बेहतर करते हुए बीआरएपी 2022 सुधारों का 100 फीसद कार्यान्वयन किया प्राप्त

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

उत्तर प्रदेश बिजनेस रिफॉर्म्स एक्शन प्लान (बीआरएपी) 2022 में टॉप अचीवर राज्य बनकर उभरा है। नई दिल्ली स्थित यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर में गुरुवार को सम्पन्न हुए उद्योग समागम में यह घोषणा भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने की। उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी), वाणिज्य तथा उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश को बिजनेस रिफॉर्म्स एक्शन प्लान (बीआरएपी) 2022 में टॉप अचीवर का दर्जा प्रदान किया गया। उत्तर प्रदेश ने बीआरएपी 2022 में दो व्यवसाय केंद्रित तथा एक नागरिक केंद्रित क्षेत्र में टॉप अचीवर की उपाधि प्राप्त की। यह मान्यता औद्योगिक विकास में बाधाओं को कम करने और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बेहतर करने के राज्य के प्रयासों को रेखांकित करती है।